साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट
संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974926006, 8643056464
9575154444

TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक-70 | उज्जैन, शनिवार 19 अप्रैल 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-8

# मुख्यमंत्री 20 अप्रैल को नीमच जिले के खिमला में चीते छोड़कर चीता प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे

## विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने खिमला एवं रामपुरा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगामी 20 अप्रैल को नीमच जिले के जावद रामपुरा एवं खिमला ब्लाक मे कार्यक्रम प्रस्तावित है।



संजय जैन (सह-संपादक) 942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

संजय जैन,सह-संपादक। उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जावद में 20 अप्रैल को हेलीकॉप्टर से पहुंचकर वहां सीएम राइज स्कूल भवन के लोकार्पण समारोह एवं हितग्राहियों को हित लाभ वितरण तथा नवीन उद्योगों, विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात हेलीकॉप्टर से रामपुरा पहुंचकर वहां मेला ग्राउंड पर आयोजित जनसभा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण भूमि पूजन एवं हितग्राहियों को हित लाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रामपुरा के कार्यक्रम पश्चात हेलीकॉप्टर से खिमला ब्लॉक के लिए प्रस्थान कर खिमला में चीता प्रोजेक्ट के तहत निर्मित गांधी सागर अभ्यारण अभ्यारण के बाड़े मैं चीते छोड़कर गांधी सागर अभ्यारण प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। खिमला मे चीता प्रोजेक्ट के बाड़े के मुख्य द्वार के सामने हेलीपैड निर्माण , बाड़े में बैरिकेडिंग्स,वायर फेंसिंग , सुरक्षा व्यवस्था एवं मंच निर्माण,चीते छोड़ने के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी निर्देश दिए। विधायक श्रीमारू एवं कलेक्टर,एसपी ने रामपुरा में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल हेलीपैड मंच स्थल पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कलेक्टर ने तत्परता पूर्वक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### प्रदेश में शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में हो नामांकन

# संभागीय और जिला कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी स्कूलों का करें सतत निरीक्षण

**श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे पुरस्कृत**

**स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से अधिकारियों से की चर्चा**





उज्जैन स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रयास होना चाहिये कि प्रदेश के शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन हो। इसके लिये उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनेक जिलों में अब तक कराये गये नामांकन की जानकारी प्राप्त की। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग के जो अधिकारी-कर्मचारी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनका सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जायेगा। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदार रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह गत दिवस मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शिक्षा को नई दिशा दें। बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**नामांकन दर बढाने के दिये निर्देश** मंत्री श्री सिंह ने एक अप्रैल, 2025 से शुरू हुए प्रदेशव्यापी प्रवेश उत्सव की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अप्रैल अंत तक स्कूल जाने योग्य बच्चों का नामांकन हो जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। मंत्री श्री सिंह ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जानकारी भी ली। मंत्री श्री सिंह ने अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना के लिये जल्द पोर्टल शुरू किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता की मैपिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये।

**टाइम टेबल बनाकर करें हॉस्टल्स का निरीक्षण** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने विभाग के हॉस्टल्स का निर्धारित टाइम टेबल बनाकर निरीक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्ल्स हॉस्टल में सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि स्कूलों के विभिन्न कार्यों में विधायक और सांसद निधि का उपयोग किया जाये।

**जिम्मेदार कड़ी के रूप में काम करें अधिकारी** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जिला और राज्य स्तर के अधिकारियों के बीच संभागीय अधिकारी कड़ी के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र का निरंतर दौरा करें। कार्यालयों में लंबित पेंशन और अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाये। उन्होंने कहा कि जून माह में संभाग और जिला स्तर पर पदस्थ अधिकारियों के साथ पुन: समीक्षा की जायेगी। स्कूल सचिव डॉ. गोयल ने बताया कि शिक्षकों के उपस्थिति पोर्टल पर अटेंडेंस का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जायेगा।

# महाकाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अपहरणकर्ता गणेश उर्फ गन्ना माली गिरफ्तार

**जगदीश परमार** उज्जैन की महाकाल पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अपहरणकर्ता गणेश उर्फ गन्ना माली को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने उसके पास से 52 लीटर देसी शराब भी बरामद की है।

**गणेश उर्फ गन्ना माली के खिलाफ आरोप** - अपहरण: वकील का अपहरण करने का आरोप है।

- अवैध हथियार: सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो डालने का आरोप है।

- अवैध शराब: 52 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**पुलिस की कार्रवाई** - गिरफ्तारी: महाकाल पुलिस ने गणेश उर्फ गन्ना माली को गिरफ्तार किया है। - इनाम: संदीप जाट उर्फ बॉस और अन्य आरोपियों पर 10,000 का इनाम घोषित किया गया था। महाकाल पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।



## अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय ब्रह्मलीन प्रथमाचार्य 1008 श्री रामचरण जी महाराज का 228 वॉ निर्वाण दिवस त्रिपोलिया गेट रतलाम स्थित रामद्वारा पर आरती पूजन व जीवदया हेतु सकोरे वितरण कर मनाया

**उपेंद्र पाटोदिया संवाददाता** रतलाम - विजयवर्गीय वैश्य समाज रतलाम के द्वारा अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के ब्रह्मलीन संत एवं प्रथम आचार्य श्री रामचरण जी महाराज का 228 वा निर्वाण दिवस रामद्वारा त्रिपोलिया गेट रतलाम में आरती पूजन, संकीर्तन, राम नाम जाप व जीवदया हेतु सकोरे वितरण कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रामद्वारा के संत श्री रामरतन जी राम जी महाराज ने कहा कि वैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी के दिन गुरूदेव ने अपना पावन शरीर का त्याग किया और उसी जगह पर अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के रामनिवास धाम की स्थापना की गई एवं समाधि स्थल को स्तंभ जी के नाम से जाना जाता श्री रामस्नेही संप्रदाय के जन्मदाता,ज्ञान भक्ति वैराग्य की गंगा बहाने वाले, असंख्य भक्तो का उध्दार करने वाले, अनेको अविश्वनीय चमत्कारो से जन जन को कृतार्थ करते हुए निर्गुण राम की उपासना का सीधा, सरल सुगम मार्ग बताने वाले महाप्रभु स्वामी जी श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज



का आज निर्वाण दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है, राम नाम जाप में ही मुक्ति का मार्ग है, राम नाम जाप से हमारें आत्मबल में वृद्वि होती है और बडी से बडी समस्या से पार पा जाते है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रत्नेश विजयवर्गीय, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रद्वा विजयवर्गीय, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तनुज विजयवर्गीय, राष्ट्रीय समिति सदस्य रामजस विजयवर्गीय, समाज के उपाध्यक्ष कमल राजौरिया, रामरतन विजयवर्गीय, सुधीर विजयवर्गीय, समाज के कोषाध्यक्ष शंशाक विजयवर्गीय, सचिव प्रतीक विजयवर्गीय, अशोक विजयवर्गीय, रमेश विजयवर्गीय, रामनिवास विजयवर्गीय, श्याम विजयवर्गीय, गोपाल विजयवर्गीय ओमप्रकाश विजयवर्गीय कैलाश विजयवर्गी मधु विजयवर्गीय सुधा विजयवर्गीय उमा विजयवर्गीय राधा विजयवर्गीय, आदि उपस्थित रहें।

# मेघवाल बस्ती में आए दो मुंही सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर वन क्षेत्र में छोड़ा

**जुबेर अहमद** धरियावद-सहायक वनपाल रेंज धरियावद पवन मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका धरियावद के मेघवाल बस्ती में नारायण मेघवाल के घर पर एक सांप के आने की सूचना वनपाल नाका धरियावद को दी गई। जिस पर सर्प को रेस्क्यू करने गोविंद गवारिया वनरक्षक व विजय सिंह वनरक्षक मौके पर पहुंचे। मौके पर जाकर देखा तो उक्त सर्प दो मुंही सांप रेड सैंड बोआ था। जिसे सर्प मित्र गजेंद्र सिंह व स्टाफ द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर स्वच्छंद विचरण हेतु वन क्षेत्र आरामपूरा में छोड़ दिया गया।




# श्री राम कथा का विधि विधान के साथ किया गया शुभारंभ

**नरेंद्र सिंह ठाकुर** टांडा ( धार) श्री राम चरित्र मानस यह पुस्तक नहीं है और नाही पोथी है! यह स्वयं भगवान राम का स्वरूप है यह कथा जहां होती है वहां प्रभु श्री राम अपने परिवार सहित भक्त हनुमान के साथ अवश्य विराजमान होते हैं उक्त उद्गार कथावाचक ज्योतिषाचार्य गौ भक्त पंडित बनवारी लालजी चौबे बापचा इंदौर के द्वारा कही आज प्रथम दिवस पर विधि विधान के साथ पोथी का पूजन कर कथा स्थल लाकर आरती पूजन कर कथा प्रारंभ की गई आपको बता दे प्राचीन नर्सिंग मंदिर परिसर पर प्रतिदिन लक्ष्मी



नारायण पूजन अभिषेक एवं हवन प्रतिदिन किया जा रहा है जिसमें नगर के धर्म प्रेमी जनता सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं यहां पर प्रतिदिन सुबह लक्ष्मी नारायण यज्ञ पूजन हवन के बाद शाम में कथा प्रारंभ होती है जिसमें नगर की जनता सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं ज्योतिषाचार्य पंडित बनवारी लालजी महाराज ने बताया कि कथा श्रवण करना कथा कराना भाग्य उदय होने से ही होता जिस नगर में कथा पूजन हवन होते है नगर को इसका लाभ मिलता है ! अभी आगे कथा में भगवान राम के चरित्र पर कई प्रसंग आएंगे जिसे नगर वासियों के द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जयेगा

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का गर्मजोशी से स्वागत




इंदौर से रतलाम जाते समय केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का बदनावर नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।

**स्वागत की प्रशंसा** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वागत की भव्यता को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह का स्वागत उनके लिए बहुत सम्मानजनक है।

**उपस्थिति** - जनप्रतिनिधि: बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

- आमजन: आमजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**स्वागत का महत्व** इस स्वागत ने केंद्रीय मंत्री और स्थानीय नेतृत्व के बीच अच्छे संबंधों को दर्शाया। यह स्वागत बदनावर के लोगों के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिन्होंने अपने नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**भाजपा नेताओं का भव्य स्वागत** नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव जी द्वारा केंद्रीय मंत्री महाराज श्रीमंत ज्योतिरादित्य एम सिंधिया जी एवं पूर्व उद्योग मंत्री राजा राजवर्धन सिंह जी दतीगांव का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नितेश जी भारती भी उपस्थित थे।

**स्वागत समारोह में उपस्थित** - भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता: बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- नगर परिषद अध्यक्ष: श्रीमती मीना शेखर यादव जी ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

**स्वागत की भावना** नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव जी और भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री और पूर्व उद्योग मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस स्वागत ने भाजपा नेताओं और स्थानीय नेतृत्व के बीच अच्छे संबंधों को दर्शाया।

**स्वागत का महत्व** यह स्वागत बदनावर के लोगों के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिन्होंने अपने नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वागत में भाग लिया और नेताओं का अभिवादन किया।



# 11के.वी.लाइन फॉल्ट होने से खड़ी फसल में लगी आग,गरीब किसान हुआ बर्बाद













**जिला ब्यूरो - किसान पुत्र पुष्पेंद्र सिंह लोधी** दमोंह/ दमोंह विद्युत विभाग नोहटा फीटर अंतर्गत जुझारघाट गांव में एक गरीब किसान मंगल लोधी के आधा एकड़ गेंहू की पकी खड़ी फसल में दोपहर करीब तीन बजे खेत के पास से निकली 11द्य1 की लाइन से फॉल्ट हुआ और बिजली की चिंगारी गेंहू की लगी फसल में गिरने से आंग ने विकराल रूप लिया ,जब तक आग की भनक लगी तब तक आधे से ज्यादा फसल राख हो चुकी थीं दु:खद खबर यह है कि किसान किसी शादी समारोह में गया था, दुसरी बात किसान किसी दूसरे किसान का खेत आधेसे (भागाई ) लिया था ,आंग लगने से किसान की साल भर की मेहनत और लागत एक छड़ में आंग की लपटों ने राख कर दिया

**किसान का क्या? कहना** पीड़ित किसान का कहना है कि विद्युत विभाग की लापरवाही से आज हमारी फसल में आंग लगी हुई हैं, सैकड़ों बार मैंने मिस्त्री से कहा है कि आप इस तरह के डंपर ना डालो दरसल बात यह है कि हेल्पर द्वारा घरेलु लाइन को पंप लाइन में ज्वाइंट किया गया है जिससे आए दिन फॉल्ट होते रहते है,और जिस कारण से घरेलु उपभोक्ताओं को गर्मी के दिनों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इस लाइन ज्वाइंट करने से लाइनमेन को सुधार कार्य में सहूलियत होती हैं।

**विद्युत विभाग के अधिकारी का कहना** जब इस तरह की घटनाओं को लेकर नोहाटा छ्ध्र साब से बात की गई तो उनका कहना इस प्रकार की अभी तक कोई जानकारी नहीं,जो भी है दिखवाते है।

## आमला में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**अजय बचले** आमला। रेलवे मैदान पर खेले जा रहे रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का फायनल आज होगा। सेमीफाइनल भी कल ही खेले जायेंगे। सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फायनल खेला जाएगा। नगरपालिका पालिका और सेंट्रल रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से स्पर्धा आयोजित की गई थी।

# ओजस शिक्षण संस्थान के संचालक अनिल वर्मा वेटरन अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित

### आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने वेटरन अचीवर अवॉर्ड से अनिल वर्मा को किया सम्मानित





अजय बचले आमला। ओजस शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान मोरन ढाना आमला के संचालक अनिल वर्मा को सेना के चक्रा कोर मुख्यालय में आयोजित समारोह में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा वेटरन अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन सेवानिवृत्त सैनिकों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने सेवा काल और सेवानिवृत्ति के बाद समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। ओजस शिक्षण संस्थान पूर्व सैनिकों द्वारा संचालित एक उत्कृष्ट संस्था है, जो ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, खेल-कूद एवं अनुशासन की दिशा में भी मार्गदर्शन दे रही है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र न सिर्फ शैक्षणिक रूप से सफल हो रहे हैं, बल्कि एक संस्कारी, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में उभर रहे हैं।सम्मान प्राप्ति के अवसर पर अनिल वर्मा ने कहा कि यह सफर आसान नहीं था। इस मुकाम तक पहुंचने में कई कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, लेकिन जब कोई कार्य सच्चे दिल से किया जाता है तो पूरी कायनात उसे पूरा करने में मदद करती है। इस उपलब्धि में कई व्यक्तियों का मार्गदर्शन और सहयोग रहा। अनिल वर्मा ने विशेष रूप से तात्कालिक कलेक्टर ज्ञानेश्वर पाटिल, और शंशाक मिश्रा, एसपी श्री राकेश जैन, ब्रिगेडियर आर. विनायक, कर्नल पंकज कुमार, प्रो. डॉ. कृष्ण राव, समाजसेवी राजीव खंडेलवाल, हेमंत (बबलू) दुबे, कैप्टन एसके बघेल, डॉ. गणेश नरवरे, शिवकांत नरवरे, हरि शंकर सावनेर, नन्द किशोर सोलंकी, विजय गड़ेकर, दुर्गा प्रसाद नागले, लच्छू आमोदकर, लक्ष्मण प्रसाद गंगारे, लखन साहू,एच एफ ओ एस के साहू, डीएल रबड़े, गणपति पवार, रुप लाल सूर्यवंशी, मिश्री लाल नरवरे, संदीप धोटे, भोजराज साकरे और अन्य सभी सहयोगियों तथा ओजस समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

# सनातन धर्म से बडा कोई धर्म नही, भगवान की भक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है -जयमाला वैष्णव दीदी




**गोपाल नरवाडिया** अठाना । हम विश्व का कल्याण चाहते है, सनातन धर्म से बडा कोई धर्म नही, भगवान की भक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, जब भी भगवान को याद करेंगे किसी भी रूप में दर्शन देने जरूर आएंगे, नरसीजी धर्म से जुडे रहे एवं जीवन भर सावलिया सेठ भगवान कृष्ण नाम का सहारा लिया जीवन को परमात्मा को सोप दिया, भगवान ने नरसीजी की टुटी गाडी को सुधारा, भगवान की भक्ति में अपार धन की प्राप्ति होती है, कथा कही पर हो कथा सुनने जाना चाहिए यह बात कनेरा में आयोजित श्री राधा कृष्ण मंदिर जिर्णोद्धार एवं भव्य प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तीन दिवसीय नानी बाई को मायरा की दूसरे दिवस की कथा के दौरान व्यासपीठ से कथा प्रवक्ता सुश्री जयमाला वैष्णव दीदी (निलिया वाले) ने कही। प्रेस क्लब जावद संरक्षक एवं हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी जावद कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। जयमाला दीदी ने एक से बढकर एक मधुर, मधुर भजनो की प्रस्तुतियां दी जिससे पांडाल भक्तिभाव से झूम उठा। इस मौके पर प्रेस क्लब जावद संरक्षक एवं हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी, संदीप बाफना सहित आसपास क्षेत्र के रहवासी, महिला, पुरूष, भक्तजन मौजूद थे।आयोजनकर्ता श्री राधा कृष्ण मंदिर पचोलिया धाकड़ समाज कनेरा वालो ने बताया है कि तीन दिवसीय नानी बाई को मायरा की कथा दिनांक 19 अप्रैल 2025 तक समय दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया है।शनिवार को तीन दिवसीय कथा का समापन किया जाएगा।

# सी एम राइज शासकीय बा.उ.मा.वि सिंगोली लोक माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित शॉर्ट फिल्म का आयोजन



**महेंद्र सिंह राठौड़ सिंगोली**- दिनांक- 15 अप्रैल 2025 सी एम राईज विद्यालय में लोक माता अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायी जीवन और उनके लोक कल्याणकारी कार्यों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान से अवगत कराना और उनकी नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना था।इस शॉर्ट फिल्म के प्रदर्शन का निर्देशन श्रीमती सोनू सोनी ने किया, जिन्होंने अहिल्याबाई होलकर के जीवन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता की प्रभारी श्रीमती संतोष लबाना एवं सु श्री शानू जायसवाल के कुशल संचालन ने कार्यक्रम को और आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त स्टाफ साथियों का सहयोग रहा।

इस अवसर पर स्कूल के 98 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज की वह अहिल्या बाई होलकर जीवन के विषय में जाना और समझा।

संपादकीय

## सोनिया-राहुल के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने में क्यों हुई देर?

**यहां से राजनीति नई करवट ले सकती है। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड ( एजेएल ) मामले में जो आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया है, उसमें सोनिया गांधी को पहला और राहुल गांधी को दूसरा आरोपी बनाया गया है। गांधी परिवार के खिलाफ यह पहला आरोप-पत्र है। मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज दोनों दिवंगत नेता हैं, फिर भी ईडी ने उन्हें आरोपी बनाया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू किए हैं। धनशोधन कानून के मुताबिक, गांधी परिवार के नेताओं पर सजा की तलवार लटकी है, लेकिन दोनों नेता दिसंबर, 2015 से जमानत पर हैं। वह निर्णय भी विशेष अदालत का था। जब तक अदालत नया गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं करती, तब तक जमानत पर तत्काल संकट नहीं है।**

यहां से राजनीति नई करवट ले सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) मामले में जो आरोप-पत्र अदालत में दाखिल किया है, उसमें सोनिया गांधी को पहला और राहुल गांधी को दूसरा आरोपी बनाया गया है। गांधी परिवार के खिलाफ यह पहला आरोप-पत्र है। मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज दोनों दिवंगत नेता हैं, फिर भी ईडी ने उन्हें आरोपी बनाया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई के खिलाफ देशभर में विरोध-प्रदर्शन शुरू किए हैं। धनशोधन कानून के मुताबिक, गांधी परिवार के नेताओं पर सजा की तलवार लटकी है, लेकिन दोनों नेता दिसंबर, 2015 से जमानत पर हैं। वह निर्णय भी विशेष अदालत का था। जब तक अदालत नया गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं करती, तब तक जमानत पर तत्काल संकट नहीं है। भविष्य में अदालत के फैसलों के आधार पर इसमें परिवर्तन संभव है। इसके अलावा, ईडी जुलाई, 2022 में लगातार तीन दिनों में 11 घंटे सोनिया गांधी और लगातार 5 दिनों में करीब 50 घंटे तक राहुल गांधी से सघन पूछताछ कर चुका है, लिहाजा आरोप-पत्र दाखिल करने और अदालत के संज्ञान लेने के बाद गांधी नेताओं की गिरफ्तारी संभव और प्रासंगिक नहीं लगती। अलबत्ता आरोप-पत्र में 'अपराध से अर्जित आय' 988 करोड़ रुपए मानी गई है। संबद्ध संपत्तियों का बाजार मूल्य करीब 5000 करोड़ रुपए आंका गया है। आरोप एजेएल की 2000 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कब्जे के लिए उसका अधिग्रहण, निजी कंपनी 'यंग इंडियन' के जरिये, मात्र 50 लाख रुपए में किए जाने का भी है। ईडी ने पीएमएलए की धारा 4 के तहत सजा भी मांगी है। इसमें 7 साल तक की जेल का प्रावधान है। यदि 25 अप्रैल को विशेष अदालत के न्यायाधीश इस आरोप-पत्र पर संज्ञान लेते हैं, तो उस दिन और ट्रायल के दौरान सोनिया-राहुल गांधी को अदालत में उपस्थित रहना होगा। बहरहाल इस मामले के तमाम ब्यौरे देश के सामने हैं। 2012 में डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी ने अदालत में याचिका दी थी। तब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। सवाल है कि करीब 13 साल के बाद एक आरोप-पत्र दाखिल क्यों किया गया? सघन पूछताछ के भी तीन साल गुजर चुके हैं, लिहाजा ऐसे अतिविशिष्ट मामले में जांच एजेंसियां इतनी लेट-लतीफी क्यों करती हैं? हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर और नायब सिंह सैनी की 2014 से सरकार है। तब खूब शोर मचाया जाता था कि गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। ईडी ने 15 अप्रैल को उनसे भी 6 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। वाड्रा आज भी स्वतंत्र हैं। दरअसल कुछ सवाल ईडी की जांच की विश्वसनीयता और उसकी सजा-दर पर भी किए जा सकते हैं। करीब 96 फीसदी मामले विपक्षी नेताओं के ही खिलाफ क्यों दर्ज किए जाते हैं? गौरतलब यह है कि अशोक चव्हाण, नारायण राणे (दोनों महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री) सहित अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, हिमंता बिस्व सरमा, सुवेन्दु अधिकारी, नवीन जिन्दल सरीखे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है, जो कभी गैर-भाजपा दलों में रहे और विभिन्न घोटालों में आरोपी हुए, लेकिन वे 'भाजपाई' हैं,

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर



**आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे।**

आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।

यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है।

कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फामूर्ला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे ह्यहिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओंह्व की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

# आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 450 किलो महुआ लहान एवं 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त

नीमच के आबकारी दल एवं पुलिस थाना बघाना द्वारा छापेमार कार्यवाही कर 450 किलो महुआ लहान और 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कीगई हैं। अवैध मद्य निष्कर्षण व अवैध शराब संग्रहण, अवैध परिवहन एवं अवैध विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री एन. पी. सिंह के मार्गदर्शन में तथा आबकारी उपनिरीक्षक दीपक अंजना के नेतृत्व में जिला आबकारी दल द्वारा नीमच के ग्राम अमावली महल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश देकर लगभग 450 किलो लहान तथा 15 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत अलग अलग धाराओं में कुल 2 प्रकरण दर्ज किये गए है। बरामद मदिरा निर्माण सामग्री और मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 49 हजार रुपए है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक पंकज राठौर, आबकारी आरक्षक विष्णु यादव, बलवंत भाटी , हंसराज बिलवाल , विलास डगीया का सराहनीय योगदान रहा । जिला आबकारी अधिकारी श्री एनपी सिंह ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा।



# लैंगिक उत्पीडन स्थानीय परिवाद समिति का पुनर्गठन

**मंदसौर** / जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 अंतर्गत ऐसे कार्यालय जहाँ दस से कम कर्मचारी हो तथा वहाँ आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं है वहाँ स्थानीय परिचाद समिति के गठन का प्रावधान है। उक्त समिति में एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य जो निम्नानुसार होगे- अध्यक्ष जो सामाजिक कार्य के क्षेत्र में प्रख्यात और महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध हो आवेदन कर सकेगी। एक अन्य सदस्य में महिला एक जो ब्लॉक, तहसील, वार्ड, नगरपालिका में कार्यरत महिला आवेदन कर सकेगी एक महिला सदस्य, जो महिला की समस्या के लिए प्रतिबद्ध गैर सरकारी संगठनों में से ऐसा व्यक्ति जो लैंगिक उत्पीडन से संबंधित मुद्दों से सुपरिचित ही महिला आवेदन कर सकेगी। एक सदस्य जो पुरुष एवं महिला हो सकेगा के पास अधिमानी रूप से विधि की पृष्ठ भूमि या विधिक ज्ञान होना चाहिए। महिला एवं बाल विकास में संव्यवहार करने वाला संबंधित अधिकारी पदने सदस्य होगा। समिति का कार्यकाल नियुक्ति दिनांक से 03 वर्ष का रहेगा। स्थानीय समिति की कार्यवाही करने के लिए फीस या भत्ते नियमानुसार प्रदान किए जायेने। ऐसे इच्छुक व्यक्ति 07 दिवस में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास के कार्यालय में आवेदन कर सकते है।

# ग्रीष्म ऋतु के मौसम में धूप की तपन (लू) से रहे सावधान

मंदसौर / जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चौहान द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के मौसम के दौरान बढ़ती धूप की तपन (लू) से सावधानी एवं शरीर को मौसमी बीमारी से बचाव हेतु आमजन को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

क्या करें- घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें। धूप में जाते समय सूती कपडे पहने और सिर और कान को सूती कपड़े से ढक कर रखें। धूप में घूमने वाले व्यक्ति नमक, शक्करयुक्त कोई तरल पदार्थ या ओ.आर.एस. घोल का अधिक सेवन करें। नींबू पानी, आम की केरी का पना, शिकंजी या मट्ठा अधिक से अधिक पियें। भरपेट भोजन करके ही बाहर निकलें। हमेशा ताजा भोजन, फल और सब्जियों खायें। यथा संभव धूप में अधिक न निकले।

क्या न करें- धूप में खाली पेट न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। बुखार में शरीर का तापमान न बढ़ने दें, ठंडे पानी की पट्टी रखें। कूलर या कंडीशनर से धूप में एकदम न निकलें। मिर्च-मसाले युक्त भोजन न करें। बासी भोजन, बासी फल, बासी सलाद न खायें।

लू लगने पर - व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लिटायें। व्यक्ति के कपड़े ढील करें। उसे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल (ओ.आर.एस.), कच्चें आम का पानी पिलायें। ताप घटाने के लिये, व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। लू लगने पर नजदीकि स्वास्थ्य संस्था मे चिकित्सक से उपचार प्राप्त करे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल आयोजित होगी

मंदसौर जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 28 अप्रैल 2025 को जनसुनवाई के पश्चात दोपहर 1:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित होगी ।

## साधारण सभा की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित होगी

मंदसौर / मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक 29 अप्रैल 2025 दोपहर 01.00 जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती ठाकुर ने आंगनबाड़ी केंद्र एवं वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया





### घरेलू हिंसा, उत्पीड़न जैसी समस्या पर महिलाएं तुरंत वन स्टाप सेंटर पर शिकायत करें

### वन स्टाप सेंटर पर किया पौधारोपण

मंदसौर / केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर ने वन स्टाप सेंटर मंदसौर एवं जीवा गंज वार्ड क्रमांक 17 आंगनबाड़ी केंद्र 1 का निरीक्षण किया। वन स्टाप सेंटर पर पौधारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, मारपीट जैसी समस्याएं होने पर तुरंत वन स्टाप सेंटर पर शिकायत करें। वन स्टाप सेंटर के माध्यम से तुरंत गाड़ी की सुविधा भी प्राप्त होती है। आंगनवाड़ी केंद्र में गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान रखें। गर्भवती माता, बच्चों को समय-समय पर सभी टीके जरूर लगवाएं। उन्हें सभी तरह का पोषण आहार प्रदान करें। गर्भवती माता एवं बच्चों की समय पर सभी तरह की जांचे करवाए। आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन खुलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद किया एवं आंगनबाड़ी में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों को गिफ्ट भी प्रदान किए। सरकार द्वारा प्रदान की जा रही योजनाएं जिसमें पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलना, मुद्रा बैंक योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा की मुद्रा बैंक योजना के माध्यम से महिलाएं छोटे-छोटे काम शुरू कर सकती है। इस योजना के माध्यम से छोटे-छोटे कामों के लिए लोन मिल जाता है। इस दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला अन्य सभी जनप्रतिनिधि, डीपीओ श्री पीसी चौहान, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार मौजूद थे।

# केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती ठाकुर ने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किए

## सोमयज्ञ में शामिल होकर यज्ञ में आहुति दी, यज्ञशाला की परिक्रमा की





**मंदसौर** / केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर ने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा जिले वासियों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की। उसके पश्चात मंदसौर काला खेत मैदान में चल रहे विशाल महा सोमयज्ञ में शामिल हुए। सोमयज्ञ में शामिल होकर यज्ञ में आहुति दी, यज्ञशाला की परिक्रमा की। इस दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार मौजूद थे।

# एलपीजी संयंत्र में राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन

धार / बीपीसीएल पीथमपुर एलपीजी प्लांट में एक ऑफ़साइट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और प्रतिक्रिया का आकलन करना था। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, आपदा प्रतिक्रिया दल, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग, सरकारी एजेंसियां, चिकित्सा प्रतिक्रिया दल और आपसी सहायता सदस्य शामिल थे ।आपातकालीन स्थिति के लिए विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करना और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना के उद्देश्य से आयोजित ड्रिल में सभी एजेंसियों ने अपने कार्यों और जिम्मेदारियों की अच्छी समझ दिखाई। एजेंसियों के बीच प्रभावी संचार और समन्वय देखा गया ।जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, स्थानीय पुलिस, ट्रैफिक पुलिस औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा फैक्टरी विभाग, एमपीआईडीसी, एमपीईबी, चिकित्सा अधिकारी, एसडीओ, आपसी सहायता सदस्य की भागीदारी रही।

इंसिडेंट कमांडर एवं संयुक्त कलेक्टर श्री जगदीश मेहरा , सरकारी नामित पर्यवेक्षक श्री धीरेश सक्सेना और बीपीसीएल संयंत्र प्रबंधक श्री प्रतीक श्रीवास्तव ने आपदा तैयारियों के प्रति सक्रिय भागीदारी और प्रतिबद्धता के लिए सभी भाग लेने वाली एजेंसियों की सराहना की।

# दस दिनों तक मस्ती की पाठशाला में विद्यार्थी सीखेंगे हुनर

### 20 अप्रैल से सीएम राइज विद्यालय में लगेगा ग्रीष्मकालीन शिविर

धार, सीएम राइज विद्यालय में 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए विभिन्न विधाओं में उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा।सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने बताया कि आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार दस दिवसीय शिविर का आयोजन विद्यालय में प्रात:7 बजे से किया जायेगा। इसमें परंपरागत कक्षाओं से हटकर विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियों का आयोजन रोचक तरीके से होगा। शिविर के अंत में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। प्रदर्शनी में तैयार की गई वस्तुओं को विद्यार्थी बेच भी सकेंगे जिससे उनमें स्वावलंबन की भावना भी विकसित होगी।यह शिविर पूर्णत: नि:शुल्क है और हर दिन योग एवं मेडिटेशन के साथ शिविर में गतिविधियों की शुरुआत होगी। तत्पश्चात विभिन्न प्रकार की रचनात्मक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियां विद्यार्थियों को सिखाई और करवाई जाएगी। शिविर में मिट्टी से मूर्तियां बनवाना, बांस से उपयोगी वस्तुएं बनवाना, बेकार की वस्तुओं , सुतली आदि से विभिन्न सजावटी सामान तैयार करवाना, सिलाई एवं कढ़ाई , नृत्य , संगीत ड्राइंग, क्राफ्टकला, खेलकूद, मांडने बनाना , डिजिटल लिट्रेसी, नैतिक शिक्षा , लोककला , लोकसंगीत आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन नि:शुल्क स्वल्पाहार भी करवाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि विगत वर्षों में भी जिला मुख्यालय पर सीएम राइज विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया था जो काफी सफल रहा था।

# उज्जैन सहित प्रदेश के 10 जिलों में औद्योगिक एवं रासायनिक आपदा प्रबंधन के लिये मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया

**उज्जैन** प्रदेश के औद्योगिक व रासायनिक इकाइयों में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से गत दिवस उज्जैन,भोपाल, धार, रायसेन, देवास, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, जबलपुर, इंदौर एवं सीहोर जिलों में औद्योगिक एवं रासायनिक आपदा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एमपीएसडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) एवं राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों में आपदा की वास्तविक परिस्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित विभागों, औद्योगिक इकाइयों तथा स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया एवं संसाधनों के दक्ष उपयोग की कार्यप्रणाली का परीक्षण करना था। मॉक ड्रिल से औद्योगिक व रासायनिक दुर्घटना, गैस रिसाव, आगजनी एवं घायलों के त्वरित उपचार, आपदा प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी और नियंत्रण की तैयारी को परखा गया। इस अवसर पर होम गार्ड, सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन विभाग के महानिदेशक श्री अरविंद कुमार, एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर श्री रविंदर गुरंग एनडीआरएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल श्री एम.के. शर्मा, एसडीईआरएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल श्री मनीष कुमार अग्रवाल, एमपीएसडीएमए के उपसंचालक श्री सौरभ सिंह, वरिष्ठ सलाहकार श्री बृजेश जायसवाल एवं राज्य कमांड सेंटर के श्री कमलेन्द्र सिंह परिहार डिविजनल कमांडेंट, कमांडेंट श्री कमलनाथ धुर्वे विशेष रूप से उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल में संबंधित जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, होम गार्ड, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन, सिविल डिफेंस, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। अभ्यास के दौरान औद्योगिक इकाई में गैस रिसाव की काल्पनिक स्थिति निर्मित कर तत्काल राहत एवं बचाव दलों की तैनाती, अग्निशमन कार्य, घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद निकटतम अस्पताल पहुंचाने तथा क्षेत्र की सुरक्षित घेराबंदी का प्रदर्शन किया गया। महानिदेशक श्री अरविंद कुमार ने मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों एवं जिलों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से हमारी आपदा प्रतिक्रिया क्षमता सशक्त होती है तथा वास्तविक आपदा की स्थिति में जनहानि एवं वित्तीय नुकसान को न्यूनतम करने में सहायता मिलती है। श्री रविंदर गुरंग ने आपदा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक एवं त्वरित समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया। डीआईजी एनडीआरएफ श्री एम.के. शर्मा एवं डीआईजी एसडीईआरएफ श्री मनीष कुमार अग्रवाल ने भी मॉक ड्रिल की महत्ता पर प्रकाश डाला एमपीएसडीएमए के उपसंचालक श्री सौरभ सिंह ने प्रदेश स्तर पर आपदा प्रबंधन ढांचे की मजबूती के लिए ऐसे नियमित अभ्यास की आवश्यकता बताई। प्रदेश आपदा प्रबंधन तंत्र आमजन की सुरक्षा एवं आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिये सदैव तत्पर एवं सजग है। आगामी समय में भी प्रदेश के अन्य जिलों में इस प्रकार की मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिससे हर स्तर पर आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक दक्ष बनाया जा सके।

# ताप विद्युत गृहों की ऊर्जा कुशलता से आयी ट्रिपिंग में कमी और घटी विद्युत उत्पादन लागत

उज्जैन । मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 4 ताप विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऑपरेशन (संचालन) क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्व की तुलना में अधिक उत्पादन किया। साथ ही विद्युत गृहों की ट्रिपिंग दर पूर्व की तुलना में कम हो गई। विद्युत गृहों के ऑपरेशन में ट्रिपिंग, विशिष्ट तेल की खपत में कमी, ऑक्जलरी कंजम्पशन महत्वपूर्ण मापदंड हैं। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों की 12 विद्युत यूनिट ने इन मापदंडों में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ताप विद्युत गृहों की इस उपलब्धि पर इंजीनियरों, तकनीशियनों और संचालन टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रभावी प्रबंधन नीति, तकनीकी उन्नयन व कड़ाई से ऑपरेशन नियमों का पालन करने से यह लक्ष्य हासिल किया गया।

**विद्युत गृहों की ट्रिपिंग में निरंतर कमी** पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की यूनिट में किए गए सुधार कार्य व बेहतर मेंटेनेंस के कारण ट्रिपिंग में उल्लेखनीय कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत गृहों में मात्र 85 ट्रिपिंग दर्ज की गईं। इससे पूर्व वर्ष 2019-20 में 150 ट्रिपिंग दर्ज होती रही हैं।

**विशिष्ट तेल खपत की कमी से परिचालन लागत में आई कमी** पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा विद्युत उत्पादन लागत में कमी के लगातार प्रयास किए गए। इससे ताप विद्युत यूनिट की विशिष्ट तेल खपत वर्ष 2024-25 में 0.51 मिलीलीटर प्रति यूनिट रही। यह अब तक की न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत है। न्यूनतम विशिष्ट तेल खपत से परिचालन लागत में जहां कमी आई वहीं यह पर्यावरण संरक्षण में सहायक हुई।

**ऑक्जलरी कंजम्पशन में कमी** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने वर्ष 2024-25 में अब तक का सबसे कम ऑक्जलरी कंजम्पशन (सहायक संयंत्र खपत) 6.91 प्रतिशत हासिल किया। विद्युत गृहों के संचालन के दौरान खपत हो रही ऊर्जा जितनी कम होगी उतनी ही अधिक विक्रय बिजली (नेट जनरेशन) होगी और इसका सीधा प्रभाव उत्पादन लागत पर पड़ता है। कैसे कम हुई ट्रिपिंग और घटी विद्युत उत्पादन लागत-मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 4 ताप विद्युत गृहों में विभिन्न क्षमताओं की कुल 12 ताप विद्युत इकाइयों का समन्वित प्रबंधन अत्यंत प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इन विद्युत इकाइयों में सुधारात्मक प्रयास कर यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक इकाई से क्षमता अनुसार अधिकतम उपयोग किया जा सके। तकनीकी उन्नयन, सख्त संधारण नियम व प्रभावी प्रबंधन नीतियों के द्वारा ट्रिपिंग की संख्या में कमी आई और उत्पादन कुशलता में वृद्धि संभव हो पाई है।

# उत्तम सेवा फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरियावद में वाटर कूलर का किया उद्घाटन

**जुबेर अहमद** धरियावद धरियावद-उत्तम सेवा फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरियावद में वाटर कूलर का शुक्रवार को किया उद्घाटन। उत्तम सेवा फाउंडेशन द्वारा अस्पताल परिसर में शीतल जल के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार जैन,वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी भवानी शंकर शर्मा,ओम प्रकाश मीणा, अभिषेक भंवरा व फाउंडेशन के साथियों द्वारा किया गया। इस जल मंदिर का निर्माण 2015 में राजमल टेलर द्वारा किया गया था। इसके इसके पश्चात उत्तम सेवा फाउंडेशन के मार्गदर्शन पर रविंद्र भूरिया दोषी ने 2024 में इस जल मंदिर का नवीनीकरण करवाया था।18 अप्रैल 2025 को उत्तम सेवा फाउंडेशन के समाजिक व जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर शुभम गुप्ता जयपुर वालों ने एक वाटर कूलर की घोषणा कि व संगठन द्वारा यह अस्पताल में लगाया गया। मंडल मीडिया प्रभारी राकेश वीरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन कार्यकम में सीनियर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र कुमार जैन,वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी भवानी शंकर शर्मा,ओमप्रकाश मीणा,अभिषेक भंवरा,समाज सेवी प्रताप मेहता, चंद्रप्रकाश बोहरा संगठन के फाउंडर नवीन पालीवाल,अध्यक्ष जिग्नेश चंपावत,जीव दया अभियान कार्यक्रम के प्रभारी रविंद्र दोषी, सचिन वक्तावत,निखिल जैन, सूर्या गर्ग उपस्थित रहे।




# सेठवाना गाँव के निकट आगजनी, कोई हाताहत नही, बड़ा हादसा टला




**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** डूंगला उपखण्ड क्षेत्र के सेठवाना गाँव मे आज दोपहर करीब तीन बजे गाँव के निकट स्थित कंवर लाल गुर्जर के कुवे पर बाहर की साइड लगे विधुत विभाग के ट्रांसफार्मर से अचानक आग लग गई जिससे ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर आग पर दो घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही की दिन मे आग लगी वरना रात को लगती तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था। गाँव के बिल्कुल नजदीक विधुत विभाग के झूलते तारो के स्पार्किग से लगी थी आग।

**दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडी** डूंगला उपखण्ड क्षेत्र पर फायर ब्रिगेड की कमी खल रही है। जानकारी अनुसार डूंगला उपखण्ड क्षेत्र काफी बड़ा है लेकिन यहा पर कोई फायर ब्रिगेड की गाडी मौजूद नही है। सरपंच प्रतिनिधि गोपाल धाकड़ ने लगाया फायर ब्रिगेड को फोन किया तब जाकर फायर ब्रिगेड की गाडी पहुंची। ग्रामीणों की माने तो एक बारगी ऐसा लगा की तेज़ हवा से पूरे गाँव मे लग सकती हैं आग लेकिन हवा कम चलने से आग तेज नही लग पायी ओर लोगो को समय पर जानकारी हो गयी जिससे ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर आग पर काबू पाया ओर उसके दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाडी पहुंची जिससे आग पर काबू पाया गया। इस दौरान देलवास ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि गोपाल धाकड़, वार्ड सदस्य कंवर लाल गुर्जर, चंदू गायरी, मदन सुथार, देवेंद्र लोहार, शिवनारायण गायरी, भेरू गुर्जर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पंचायतराज मंत्री दिलावर का चित्तौड़गढ़ दौरा व उनकी जनसुनवाई पूरी तरह से फेल रही- पूर्व मंत्री जाड़ावत।



**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री मदन दिलावर के चित्तौड़गढ़ का दौरे को पूरी तरह फेल बताते हुए पूर्व रायमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा की एक एजेंडे के तहत जनसुनवाई रखी गई थी। पूर्व रायमंत्री ने कहा की पंचायतराज मंत्री होने के नाते अभी वर्तमान में चल रहे परिसीमन को लेकर उनको नवीन गठित पंचायतों की सीमाओं के लिए उठ रहे विरोध को लेकर उनकी समस्या का निराकरण करना चाहिए था, हाल ही में जिला परिषद की बैठक में उठाए गए वलंत मुद्दों को लेकर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करके बजरी, परिवहन, सहित अन्य विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार को खत्म करने के कोई ठोस कार्यवाही करते तो कैबिनेट मंत्री का आना सार्थक होता। वर्तमान में गर्मी को देखते हुए गांवो में चल रही पेयजल समस्या को लेकर कोई प्रभावी कार्रवाई करते लेकिन पंचायतराज मंत्री एक पर्ची लेकर पूर्व में आगे से तय एजेंडे के तहत किसी वर्ग पर डोरे डालने कि जनसुनवाई की जो पूरी तरह फेल साबित हुई।

# रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में सिक्कों की कहानी प्रदर्शनी का शुभारंभ

दमोह- रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय, दमोह में विश्व विरासत दिवस के अवसर पर सिक्कों की कहानी नामक एक विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय छाया चित्रकार मनोहर काजल और वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रवलित कर और दीप योति मंत्र का उचारण करके किया।

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व की धरोहर के रूप में स्थापित रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय समय-समय पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से आम लोगों में पुरातत्व और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता रहा है।

इस प्रदर्शनी में प्राचीन काल की विभिन्न प्रचलित मुद्राओं जैसे आहत मुद्राएं, ठप्पांकित मुद्राएं, गुप्तकालीन मुद्राएं, कुषाण कालीन मुद्राएं, सातवाहन कालीन मुद्राएं, इंडो पर्शियन मुद्राएं, इंडो सीथियन मुद्राएं, पांचाल छत्रप की आहत मुद्राएं, कौशल जनपद की मुद्राएं, अंग जनपद की आहत मुद्राएं, और आधुनिक बुंदेलखंड के चैदी जनपद की आहत मुद्राओं के छायाचित्रों का संग्रह प्रदर्शित किया गया है।

संग्रहालय के संचालक सुरेन्द्र चौरसिया ने बताया कि यह प्रदर्शनी विश्व विरासत दिवस से शुरू होकर 24 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक आम दर्शकों के लिए रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में खुली रहेगी।

इस छायाचित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में डॉक्टर चौधरी, जिला समन्वयक सुशील नामदेव, डॉक्टर आलोक सोनवलकर, कृष्णा पटेल, अशोक राय, ऋषभ जैन, पावनी और शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।






# मेयर-इन-कौंसिल की बैठक सम्पन्न

**एक हजार करोड़ रुपये से अधिक विकास कार्यों को मिली स्वीकृति - शहर की सीमाओं पर बनेंगे भव्य स्वागत द्वार**

**चंदन नगर चौराहा से नंदन नगर, कालानी नगर होते हुए एयरपोर्ट रोड तक सीमेंट कांक्रीट लिंक रोड निर्माण की निविदा आमंत्रण की स्वीकृती**

इन्दौर- नगर निगम इन्दौर की मेयर-इन-कौंसिल की बैठक आज निगम मुख्यालय स्थित महापौर परिषद सभागृह में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त शिवम वर्मा सहित महापौर परिषद सदस्य एवं निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे 1. विकास कार्यों को बड़ी स्वीकृति कुल 1,010 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिनमें सड़कों, जलप्रदाय और वृक्षारोपण से जुड़े कार्य शामिल हैं।

2. नई लिंक रोड निर्माण की स्वीकृति चंदन नगर चौराहा से नंदन नगर, कालानी नगर होते हुए एयरपोर्ट रोड तक सीमेंट कांक्रीट लिंक रोड, कैरेजवे, पुल-पुलिया, फुटपाथ, स्टॉर्म वॉटर लाइन एवं विद्युत लाइन शिफ्टिंग सहित ?26 करोड़ के कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण की स्वीकृति दी गई।

3. जनसहयोग से ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क कार्य वार्ड 65 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ?8 करोड़ की लागत से तीन गलियों और मुख्य सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया।

4. री-यूज़्ड वाटर पाइपलाइन के लिए स्वीकृति कबीट खेड़ी स्थित 245 MLD प्लांट से रेवती रेंज वृक्षारोपण स्थल तक ?11 करोड़ की लागत से रीयूज़्ड वॉटर लाइन डालने की योजना को मंजूरी।

5. AMRUT 2.0 योजना के अंतर्गत जलप्रदाय परियोजना 40 नए ओवरहेड टैंक निर्माण और वितरण नेटवर्क कार्य हेतु स्वीकृति। 75 पुराने टैंक के वितरण नेटवर्क सुदृढ़ीकरण के लिए ?965 करोड़ की निविदा प्रारूप को स्वीकृति।

6. फायर एवं ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई हेतु फायर प्रकोष्ठ गठन का निर्णय। फायर अमले की पदपूर्ति और कंसल्टेंट की सेवाएं लेने की स्वीकृति। ट्रैफिक सुधार हेतु भी कंसल्टेंट की सेवाएं ली जाएंगी।

7. स्वागत द्वार निर्माण को मंजूरी शहर की सीमाओं पर नगर निगम द्वारा इन्दौर आपका हार्दिक अभिनंदन करता है卐 संदेश के साथ स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

## दमोह जिला अस्पताल में जच्चा की मौत बच्चा स्वस्थ्य पहले बच्चे को जन्म देते ही मां चल बसी






दमोह- मातृ मृत्यु दर रोकने के लिए सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है, लेकिन दमोह जिले में प्रसूताओं की मौतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिला अस्पताल में ही एक प्रसूता की मौत हो गई, बच्चा स्वस्थ्य है। हटा तहसील के देवरागढ़ी निवासी दीपक अहिरवार की पत्नी कीर्ति अहिरवार को प्रसव पीड़ा के चलते हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से दमोह रेफर किया गया था। गुरुवार को कीर्ति का सीजर आपरेशन कर एक बच्चे का जन्म कराया गया। कुछ देर बाद कीर्ति की तबियत बिगडने़ लगी। देखते ही देखते महिला ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इधर रात में ही परिजनों ने कलेक्टर सुधीर कोचर से बात की। जिन्होंने इस घटना की जांच के लिए एमडीआर की बैठक शनिवार को बुलाई है। जिसमें सभी डॉक्टर, नर्से, परिजन मौजूद रहेंगे। हालांकि महिला का पोस्टमार्टम भी कराया गया है। **कहीं पहले जैसी लापरवाही तो नहीं** जिला अस्पताल में पहले भी चार प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। इस प्रसूता की मौत के मामले में भी पहले की तरह तो गंभीर लापरवाही नहीं की गई। जिससे जच्चा को जान से हाथ धोना पड़ा हो। हालांकि मृत प्रसूता के परिजनों ने डॉक्टरों पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। जिनकी जांच कलेक्टर स्वयं कर रहे हैं।

# सऊदी ग्रां प्री से पहले लुईस हैमिल्टन ने फेरारी को लेकर दिया बयान

## कहा- टीम पर सबसे ज्यादा रहती है निगाहें

जेद्दाह,। सात बार के फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने सऊदी अरब ग्रां प्री से पहले फेरारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फेरारी को अक्सर क्राइसिस टीम कहकर बुलाया जाता है और लोग इसकी मुश्किलों को यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। हैमिल्टन इस सीज़न में फेरारी टीम के साथ दौड़ रहे हैं और उन्होंने टीम की ताकत और जुनून की भी तारीफ की। फेरारी इतिहास की सबसे बड़ी टीम, इसलिए यादा चर्चा होती है हैमिल्टन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एक तरह से ये उम्मीद की ही जाती है। फेरारी फॉर्मूला 1 इतिहास की सबसे महान टीम है। ज़ाहिर है, इसके बारे में यादा स्टोरीज़ लिखी जाती हैं और लोग अपनी-अपनी राय देते हैं। सब कुछ हमेशा सुचारू नहीं रहा है। उन्होंने आगे कहा, इस टीम में कई शानदार चीज़ें हैं। हम इसके अंदर की ऊर्जा और जुनून को संभालना चाहते हैं। साथ ही इसे सुरक्षित भी रखना ज़रूरी है, क्योंकि इस टीम पर बाकी टीमों के मुकाबले ज्यादा ध्यान रहता है।
जेद्दाह सर्किट हैमिल्टन का फेवरेट ट्रैक हैमिल्टन ने जेद्दाह कॉर्निश सर्किट को अपना पसंदीदा ट्रैक बताया। हालांकि, इस ट्रैक को इसकी संकरी लेआउट और हाई-स्पीड कॉर्नर्स की वजह से खतरनाक भी माना जाता है। हैमिल्टन ने कहा, मुझे ये ट्रैक बेहद पसंद है। ये बहुत तेज़ है और ड्राइवरों के लिए काफ़ी



चुनौतीपूर्ण भी। गर्मी, तापमान, हाई-स्पीड कॉर्नर्स में जी-फोर्स और तेज़ी से बदलते हालात इसे और मुश्किल बनाते हैं। इसे शब्दों में बयान कर पाना आसान नहीं।
रेस में वन-स्टॉप स्ट्रैटेजी का दबदबा हैमिल्टन ने सर्किट की सतह को काफ़ी स्मूद बताया और कहा कि ज़्यादातर रेस में वन-स्टॉप स्ट्रैटेजी ही देखने को मिली है। हालांकि, अगर तापमान बढ़ता है तो टीमें दो पिट-स्टॉप करने पर मजबूर हो सकती हैं, जिससे रेस और रोमांचक बन सकती है।
शंघाई में पहली जीत, लेकिन अभी लंबा सफर हैमिल्टन ने हाल ही में शंघाई स्प्रिंट रेस में अपनी पहली जीत दर्ज की है, लेकिन रविवार को हुई मेन रेस में बहरैन में वो पांचवें स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। मीडियम टायर पर कार का प्रदर्शन बेहतरीन था, लेकिन सेफ्टी कार की एंट्री ने टीम की रणनीति बिगाड़ दी और हार्ड टायर लगाने पड़े, जिससे वो पोडियम की रेस में पिछड़ गए।
नई कार में स्टाइल एडजस्ट करना चुनौतीपूर्ण हैमिल्टन ने कहा कि बहरीन में कार का अनुभव सकारात्मक रहा, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आगे की रेस में उसी तरह का प्रदर्शन दोहराया जा सकेगा। उन्होंने कहा, हर बार कार में बैठने पर पुरानी ड्राइविंग स्टाइल पर लौटना आसान होता है। लेकिन मैं कोशिश कर रहा हूं कि लगातार नई स्टाइल को अपनाता रहूं।

# आईपीएल 2025 : गुजरात टाइटंस ने दासुन शनाका को ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में किया शामिल

नई दिल्ली,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सीजन में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के दासुन शनाका को टीम में शामिल किया है। शनाका को ग्लेन फिलिप्स की जगह टीम में लिया गया है, जो ग्रोइन इंजरी के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और स्वदेश लौट चुके हैं। ग्लेन फिलिप्स को इस सीजन गुजरात टाइटंस ने 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा था। हालांकि, उन्हें एक भी मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला और इसी बीच वो ग्रोइन इंजरी का शिकार हो गए। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें पूरे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दासुन शनाका इससे पहले 2023 के सीजन में भी गुजरात टाइटंस की ओर से खेल चुके हैं। उस वक्त उन्हें कुछ ही मुकाबलों में मौका मिला था। अब एक बार फिर फ्रेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया है। शनाका को उनके बेस प्राइस 75 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया है। दासुन शनाका श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर हैं। उन्होंने अब तक 102 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले शनाका, गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन में बतौर ऑलराउंडर अहम भूमिका निभा सकते हैं।




# आईपीएल 2025- विल जैक्स के ऑलराउंड प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराया

मुंबई,। आईपीएल 2025 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हरा दिया है। मैच के हीरो इंग्लिश ऑलराउंडर विल जैक्स रहे, जिन्होंने बल्ले से 36 रन बनाए और गेंदबाजी में दो अहम विकेट झटके। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 162 रन बनाए। ओपनर्स अभिषेक शर्मा (40) और ट्रैविस हेड (28) ने तेज शुरुआत दी, लेकिन मध्यक्रम में रन गति को बनाए रखना मुश्किल हुआ। हेनरिक क्लासेन ने आखिर में 37 रनों की उपयोगी पारी खेली। मुंबई की ओर से विल जैक्स ने 3 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत संतुलित रही। रोहित शर्मा (26) और रिकलटन (31) ने अहम साझेदारी की। हालांकि, बीच के ओवरों में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने मैच में जान फूंक दी। उन्होंने 3 विकेट लेकर मुंबई के बल्लेबाजी क्रम को झटका दिया, जिसमें सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स जैसे खतरनाक बल्लेबाज शामिल रहे। मुंबई की जीत में तिलक वर्मा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 21 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार 21 रन बनाए। हालांकि एक समय मुंबई पर दबाव बना, लेकिन 18.1 ओवर में टीम ने 6 विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने 3 विकेट, इशान मलिंगा ने 2, और हर्षल पटेल ने 1 विकेट लिया।



# रघुराम राजन से ऐसा क्या बोल गए फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल जिसपर भड़के ट्रंप? बाजार में भी सुस्ती

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने की धमकी देने गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में मिला-जुला रुख दिखा। ट्रंप ने यूरोप व चीन से व्यापार समझौते पर भी सकारात्मक रुख जाहिर किया, इसका भी बाजार की भावना पर असर पड़ा। गुरुवार की सुबह शेयर बाजारों में उस समय उतार-चढ़ाव दिखा जब ट्रम्प ने ब्याज दरों में तेजी से कटौती नहीं करने के लिए पॉवेल को बर्खास्त करने की बात कही। ट्रंप ने ऐसी टिप्पणी उनके और फेड अध्यक्ष के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच कई बार की है। टैरिफ पर पॉवेल ने क्या टिप्पणी की है जो ट्रंप को रास नहीं, ट्रंप ने टैरिफ पर अब क्या कहा है? आइए जानते हैं सबकुछ।
यूरोपीय संघ और चीन से व्यापार समझौते पर क्या बोले ट्रंप? हालांकि, ट्रंप की ओर से पॉवेल पर हमले को बाजार ने आगे चलकर नजरअंदाज कर दिया और दोपहर को इसमें तेजी दिखी। उधर, ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ 100त्न व्यापार समझौता होगा और चीन के साथ भी एक बहुत अच्छा सौदा होगा। बाजार के निवेशक ट्रंप प्रशासन की ओर से टैरिफ को 90 दिन तक रोकने और इस दौरान विभिन्न देशों के प्रति होने वाले व्यापार वार्ताओं के प्रति सतर्क दिखे।
इटली की प्रधानमंत्री से मिलकर ट्रंप का क्या रुख? दूसरी ओर, ट्रंप ने इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ एक बैठक के दौरान संवाददाताओं से कहा, ओह, 100% व्यापार सौदा होगा। बेशक व्यापार सौदा होगा। वे ऐसा चाहते हैं। हम व्यापार सौदा करने जा रहे हैं। मुझे इसकी पूरी उम्मीद है। लेकिन यह एक निष्पक्ष सौदा होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि उनके टैरिफ के कारण अमेरिकी सहयोगी देश चीन की ओर रुख कर लेंगे। ट्रंप ने कहा, कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता। कोई भी नहीं। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि आप देखेंगे कि हम चीन के साथ भी बहुत अच्छा समझौता करेंगे।
ट्रंप की बयानबाजी के बाद बाजार पर क्या असर? ट्रंप की टिप्पणियों के बाद डॉव में 527 अंक या



1.33% की गिरावट आई। हालांकि, व्यापक इंडेक्स एसएंडपी 500 ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और सुबह लाल निशान पर गिरने के बाद 0.13त्न की बढ़त हासिल करने में सफल रहा। टेक शेयरों की बहुलता वाले नैस्डैक कंपोजिट में उतार-चढ़ाव के बाद 0.13त्न की गिरावट आई। इससे पहले तीनों प्रमुख सूचकांक लगातार दो दिनों से घाटे में थे। इनमें सप्ताह का अंत लाल निशान पर हुआ। गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को अमेरिकी बाजार में कारोबार बंद रहेगा। गुरुवार की सुबह भी डॉव फ्यूचर्स में भारी गिरावट आई। यह गिरावट भी ट्रम्प की ओर से सोशल मीडिया पर पॉवेल की आलोचना के बाद देखी गई।
ट्रंप ने फेड चेयर पर क्या टिप्पणी की? बुधवार को शिकॉगो में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन से बातचीत के दौरान अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेड के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने टैरिफ पर नकारात्मक टिप्पणी की थी। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप नाराज दिखे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, फेड के जेरोम पॉवेल, जो हमेशा बहुत देर से और गलत काम करते हैं, ने कल एक रिपोर्ट जारी की जो पूरी तरह से गलत थी! क्या पॉवेल की बर्खास्तगी जल्दी नहीं हो सकती!
ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वे पॉवेल से कहेंगे तो वे पद छोड़ देंगे। इसके बाद ट्रंप ने इस सवाल को नजरअंदाज कर दिया कि क्या वे पॉवेल को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। एवरकोर आईएसआई के उपाध्यक्ष कृष्ण गुहा ने गुरुवार को एक नोट में कहा, ऐसे समय में जब ट्रंप टैरिफ महंगाई के मोर्चे पर जोखिम पैदा कर रहा है। फेड की स्वतंत्रता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।
पॉवेल ने शिकागो में क्या कहा, जिसपर भड़के ट्रंप? पॉवेल ने बुधवार को शिकागो में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि ट्रंप के टैरिफ आधुनिक इतिहास में किसी भी दूसरी चीज से अलग हैं। इससे महंगाई को बढ़ावा मिलने और आर्थिक विकास में बाधा पैदा होने की आशंका है। इससे फेड का काम और अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण जटिल हो जाएगा। फेड प्रमुख की टिप्पणी के बाद बुधवार को शेयर बाजार में तेज बिकवाली दिखी। इसके बाद डॉव 700 अंक या 1.73% गिरकर बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 2.24त्न की गिरावट आई और नैस्डैक कंपोजिट 3.07त्न नीचे फिसल गया। पॉवेल ने कहा है, हम स्वयं को चुनौतीपूर्ण हालात में डाल सकते हैं, इससे हमारे भविष्य के लक्ष्य प्रभावित होंगे। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने भी गुरुवार को एक भाषण में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते जारी होने वाली अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट में आर्थिक विकास के पूर्वानुमानों में उल्लेखनीय कटौती की जाएगी। जॉर्जीवा ने कहा, वित्तीय बाज़ारों में अस्थिरता बढ़ गई है और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितता सचमुच चरम पर है। जेफरीज में यूरोप के मुख्य अर्थशास्त्री और रणनीतिकार मोहित कुमार ने एक नोट में कहा, हम बिग टेक से दूर रह रहे हैं क्योंकि हमारा मानना है

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 110 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उज्जैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - 9114826006, 8643056464, 9115154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)